लोक परंपराओं एवं जन भागीदारी से पर्यावरण को स्वस्थ्य रखें : डॉ. दुबे

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। गत दिवस टाउन हॉल, पन्ना में वन विभाग के उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल पन्ना द्वारा परिस्थितिकी पुनर्स्थापन में जन भागीदारी की भूमिका एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पीसीसीएफडॉ. पी.सी. दुबे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय, रीवा से डॉ. वी.के. सिंह उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त नरेश सिंह यादव, दक्षिण वनमंडल पन्ना अनुपम शर्मा, वनमंडल अधिकारी, उत्तर वनमंडल धीरेंद्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही । साथ ही, उपवनमंडल अधिकारी, पवई अक्षय जैन तथा उपवनमंडल अधिकारी, कल्दा श्रीमती रचना शर्मा, प्रशिक्षु एसीएफ अंकुर गुप्ता उपस्थित रहे। उत्तर एवं दक्षिण वनमंडल से पदाधिकारी एवं वनकर्मी भी कार्यशाला में सम्मिलित हुए। कार्यशाला में प्रमुख विषयों जैसे दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय प्रजातियों का संरक्षण, इको-रेस्टोरेशन एवं पौधरोपण, बीज संग्रहण में सावधानियां तथा कृषि वानिकी एवं आंवला की उत्पादकता पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. पी.सी. दुबे ने पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन में जन भागीदारी को प्रभावी रूप से जोड़ने पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोक परंपराओं के माध्यम से वनों

का संरक्षण /पर्यावरण रीस्टोर करने की बात कही , उन्होंने इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन को माइंडसेट के रूप में अपनाने पर बल देते हुए फाइटोसोशियोलॉजी आधारित दृष्टिकोण एवं वैज्ञानिक पौधरोपण पद्धति समझाई, जिसमें उचित दूरी, उपयुक्त प्रजाति चयन तथा आसपास के वनों से प्रमुख व कीस्टोन प्रजातियों का चयन कर उसी अनुरूप रोपण करने की बात कही।

उन्होंने इको-रेस्टोरेशन के व्यावहारिक तरीकों तथा स्थल-विशिष्ट एवं वैज्ञानिक क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया तथा जैव विविधता संरक्षण हेतु वैज्ञानिक बीज संग्रहण विधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. वी.के. सिंह द्वारा कृषि वानिकी एवं विशेष रूप से आंवला उत्पादन की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पन्ना क्षेत्र आंवला उत्पादन के लिए अनुकूल है तथा आंवला की मिश्रित प्रजातियों का रोपण किया जाना चाहिए।

उन्होंने आंवला में होने वाली बीमारियों एवं उनके नियंत्रण उपायों के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ाने हेतु समय पर कटाई-छंटाई, सिंचाई, जैविक खाद, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं उपयुक्त मृदा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर एवं अजयगढ़ द्वारा पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन में जन भागीदारी की भूमिका पर, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्रनगर द्वारा नदियों एवं नालों के उद्गम स्थलों के संरक्षण एवं बीज संग्रहण पर तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई ।

कार्यशाला में पन्ना से उपस्थित वैद्यों द्वारा अपने पारंपरिक ज्ञान एवं अनुभव साझा किए गए। आमा नर्सरी, शाहनगर से उपस्थित अमित रैकवार द्वारा मई एवं जून माह में संग्रहित किए जाने वाले बीजों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 60 से अधिक प्रजातियों के बीजों का संग्रहण किया गया है। कार्यशाला में उन वनकर्मियों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने बीज संग्रहण में विशेष योगदान दिया।

मोडीफाइड बुलेट साइंलेन्सरों पर पुलिस ने की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार के द्वारा यातायात स्टाफ के साथ कार्रवाई की.

पन्ना शहर की ट्राफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये पन्ना शहर के बड़ा बाजार, कटरा बाजार में पैदल भ्रमण कर अव्यवस्थित व नो पार्किंग खड़े वाहनों को हटवाया जाकर उनमें व्हीकल लॉक लगाए गए तथा 20 वाहनों पर कार्यवाही कर 5000 रूपये जुर्माना वसूल किया गया, साथ ही आमजनों को व्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग में ही खड़े करने की समझाइश दी गई। वहीं शहर में 05 वाहन चालको के विरूद्ध मोडीफाई बुलट साइंलेन्सरों को हटवाये जाने की कार्यवाही की गई और पन्ना नगर वासियों को स्वयं बुलेट मैं से मोडिफाइड साइलेंसर हटाने की अपील की गई।

आंदोलनकारियों ने फिर रुकवाया बांध का काम

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। विश्रामगंज क्षेत्र में निर्माणाधीन रूझ बांध (मध्यम सिंचाई परियोजना) को लेकर जारी विवाद अब उग्र रूप लेता जा रहा है।

आंदोलन के पांचवें दिन रविवार को ठेकेदार ने निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराने की कोशिश की, लेकिन विस्थापित आदिवासी ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं ने एकजुट होकर मौके पर पहुंचते ही काम बंद करवा दिया। इसके चलते पूरे दिन निर्माण स्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही। बांध का काम पूरी तरह ठप्प पड़ा रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। प्रभावित परिवारों का कहना है कि न तो उन्हें परियोजना से जुड़ी पूरी जानकारी दी गई है और न ही पुनर्वास, मुआवजा और विस्थापन को लेकर स्पष्ट नीति सामने रखी गई है। ऐसे में बिना सहमति और प्रक्रिया के निर्माण कार्य शुरू किया जाना उनके अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। आंदोलन की खास बात यह है कि इसकी अगुवाई आदिवासी महिलाएं कर रही हैं।

सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं बांध स्थल पर पहुंच गईं और शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ विरोध दर्ज कराते हुए मशीनों को रुकवा दिया। महिलाओं का कहना है कि अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहती हैं। उनका कहना है न्याय नहीं, तो काम नहीं।

जब तक न्याय नहीं तब तक होगा आंदोलन

इस बीच जय किसान संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा, जब तक प्रभावित लोगों को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। उनके समर्थन के बाद आसपास के गांवों से भी लोगों की भागीदारी बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि बिना पूरी जानकारी और कानूनी प्रक्रिया के निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत बैठक आज

पन्ना, 04 मई। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन के पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पन्ना में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार, 5 मई को दोपहर एक बजे बैठक आयोजित की गई है। संस्कृति मंत्रालय की ज्ञान भारतम् मिशन एक प्रमुख पहल है। इसकी घोषणा एक फरवरी 2025 को केन्द्रीय बजट में की गई थी। इसका उद्देश्य भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रचार प्रसार करना है। गत 19 दिसम्बर को भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था।

पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। पन्ना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी भारत मिलन पांडे के विरूद्ध सत्ताधारी दल के राजनैतिक दबाव में की गई कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने आज पन्ना की सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

दोपहर कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन जुलूस की शक्ल में कलेक्टर कार्यालय पहुँचा। प्रदर्शन के दौरान

कार्यकर्ताओं ने प्रशासन और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों का आरोप है कि प्रशासन सत्ता के दबाव में विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहा है और यह गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 23 अप्रैल को ग्राम पिस्टा में कांग्रेस कार्यकर्ता जयकरण अहिरवार के साथ हुई मारपीट और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के मामले में पुलिस ने अब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वन विभाग और पुलिस प्रशासन मिलकर जनसेवा करने वाले नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि भारत मिलन पांडे के खिलाफदर्ज मामले को तुरंत वापस लिया जाए और पिस्टा गांव की घटना के असली दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। भरत मिलन पांडे की गिरफ्तारी के बाद से ही जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो पार्टी जिले भर में उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व गुनौर विधानसभा प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ राजबहादुर पटेल कदीर खान, राजा बाबू पटेल नरेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले भारी तदात मे कांग्रेस नेता शहर बड़ी संख्या में जिले भर से कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

एक माह से अंधेरे में बृजपुर क्षेत्र का गठरूपुर गांव

पन्ना, 04 मई। जिले के बृजपुर क्षेत्र अंतर्गत गठरूपुर गांव में पिछले एक माह से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।

परेशान ग्रामीणों ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ बृजपुर पावर हाउस पहुंचकर घेराव किया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में ग्रामीणों ने पहले चक्काजाम की चेतावनी दी थी, लेकिन अधिकारियों के आश्वासन पर उसे टाल दिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो वे अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने को बाध्य होंगे।

टीएल बैठक में हुई लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर बेहतर रैकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वर्तमान में अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के दृष्टिगत समस्त डी ग्रेड विभाग वाले विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ अपेक्षित कार्रवाई पूर्ण कर अनिवार्य रूप से ए ग्रेड में आने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह बी एवं सी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को भी समय पूर्व आवश्यक प्रयास कर

वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने टीएल बैठक में विभिन्न विभागों में अल्प वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से लाभांवित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि 15 हजार रूपए अथवा कम वेतन पाने वाले समस्त पात्र कर्मचारियों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन करवाकर इसका लाभ दिलाया जाए। इस दौरान विद्युत कंपनी के अधिकारी को अधिक बिजली बिल की शिकायतों तथा ईई पीएचई को पेयजल समस्या के निराकरण, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को डीएलसीसी बैठक के आयोजन तथा आरटीओ को शासन के नियम एवं निर्देश मुताबिक निरंतर रूप से वाहन चेकिंग अभियान के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के विभागवार महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने लंबित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों की समीक्षा कर सीएम हेल्पलाइन में एल 1 एवं एल 2 स्तर पर नॉट अटेंड शिकायतों की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिवसों में इस स्थिति पर संबंधित के विरूद्ध जिम्मेवारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को आम जनता के हित में मूल कार्य पर फोकस करने के निर्देश दिए गए।

द्वारका-सोमनाथ के लिए 26 को खजुराहो से रवाना होंगे तीर्थयात्री

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत पन्ना जिले के बुजुर्ग तीर्थयात्री आगामी 26 मई से एक जून तक द्वारका-सोमनाथ की तीर्थ यात्रा करेंगे। यात्रा के इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 12 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इस योजना का लाभ 60 वर्ष अथवा अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा।

महिलाओं के मामले में दो वर्ष की छूट प्रदान की गई है। आयकर दाता व्यक्तियों को इस योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा। कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा सभी तहसीलदार को तीर्थयात्रा के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। ट्रेन से तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों का चयन लॉटरी सिस्टम के जरिए किया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को पेयजल, भोजन, नाश्ता और चाय इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी।

साथ ही यात्रियों के रूकने की व्यवस्था, तीर्थ स्थल तक बसों से ले जाने एवं वापस ट्रेन में लाने तथा गाईड आदि की व्यवस्था भी आईआरसीटीसी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। जिले के तीर्थ यात्री खजुराहो रेल्वे स्टेशन से रवाना होंगे एवं यात्रा पश्चात वापस खजुराहो स्टेशन पहुंचेंगे। आरंभ स्टेशन खजुराहो तक तीर्थयात्रियों को ले जाने एवं वापसी की व्यवस्था की जाएगी। नि:शुल्क यात्रा के दौरान विशिष्ट सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए यात्री को स्वयं व्यय वहन करना होगा। साथ ही मूल आधार अथवा वोटर कार्ड भी यात्रा के दौरान अनिवार्य रूप से रखना होगा। जिले को 191 बर्थ का कोटा आवंटित किया गया है।

निर्धारित कोटे से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तीर्थयात्रियों की पृथक प्रतीक्षा सूची भी तैयार होगी। समस्त तहसीलदार तहसील कार्यालय सहित विकासखंड एवं नगरीय निकायों से तीर्थ यात्रियों की सूची प्राप्त कर 13 मई तक कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा में उपलब्ध कराएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग उज्जैन के दूरभाष क्रमांक 0734-2991135 पर संपर्क किया जा सकता है।

कंकाली माता कुआंताल में हुआ मुख्यमंत्री विवाह कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

पवई 4 मई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रदेश भर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना का संचालन किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत निर्धन और जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इसी के तहत पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बनौली के कुआं ताल स्थित कंकाली माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री विवाह निकाह समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पवई विधायक प्रहलाद लोधीएविशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना राजे पुष्पराज सिंह एवं श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा जनपद अध्यक्ष पवई की अध्यक्षता

में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई अखिलेश उपाध्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समीक्षा जैन के द्वारा किया गया। इस योजना के तहत लगभग 80 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पवई विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा निर्धन बेटियों एवं गरीब बेटियों के लिए चलाई जा रही योजना के बारे में जनता के सामने रखा और सरकार की उपलब्धियां को गिनायाए साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा गरीब निर्धन के साथ खड़ी है। हमारे होते हुए किसी भी गरीब की बेटी के विवाह में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आएगी इसकी सारी जिम्मेदारी हमारी है।

मढ़ेश्वर धाम में गूंजी शहनाइयां

आर्थिक मंदी के चलते मंदिर की चौखट पर ले रहे सात फेरे

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल मढ़ेश्वर नाथ धाम में इन दिनों विवाह कार्यक्रमों की धूम मची हुई है, जहाँ बड़ी संख्या में दूल्हा-दुल्हन के जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं।

आज भी यहाँ गरिमामय माहौल में कई जोड़ों ने भगवान भोलेनाथ के सानिध्य में सात फेरे लेकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई और आर्थिक मंदी के बीच मढ़ेश्वर धाम मध्यम और गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा संबल बनकर उभरा है। शादियों में होने वाली बेतहाशा फिजूलखर्ची और दिखावे से दूर, लोग अब

सादगी के साथ मंदिर में विवाह करना बेहतर समझ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि लाखों रुपये गार्डन और टेंट में व्यर्थ करने के बजाय देव-स्थान पर रस्में पूरी करना न केवल आर्थिक रूप से सुगम है, बल्कि यह समाज को सादगी का संदेश भी देता है। आर्थिक कारणों के साथ-साथ मढ़ेश्वर धाम के प्रति अटूट आस्था और मनोकामना भी इस बढ़ते चलन की एक मुख्य वजह है।

क्षेत्र में ऐसी गहरी मान्यता है कि इस पवित्र स्थान पर मत्था टेककर शुरू किया गया वैवाहिक जीवन सुखमय और अखंड होता है,

अवैध जलाऊ लकड़ी को लेकर ढाबों पर वन विभाग की औचक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा आज पवई रेंज में कई होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों पर औचक जांच अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य अवैध जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।

जांच के दौरान अधिक मात्रा में लकड़ी रखने वाले प्रतिष्ठानों से बिल एवं ट्रांजिट पास की मांग की गई। संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए लकड़ी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। विभाग द्वारा यह भी रेखांकित किया

गया कि इस प्रकार की लकड़ी प्राय: पुनरुत्पादन की अवैध कटाई से प्राप्त होती है, जिससे वन के दीर्घकालीन संरक्षण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक श्रीनिवास पाण्डेय के नेतृत्व में वनरक्षक मनीष वर्मा, रामजी गर्ग, पुष्पेंद्र पाल, गायत्री सिंह, सचिन राठौरिया एवं अशोक बागरी की सक्रिय सहभागिता रही।

तीन राज्यों में बीजेपी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवभारत न्यूज

पवई 4 मई। बीते दिनों देश के पांच राज्यों में चुनाव संपन्न हुए थे। सोमवार को सुबह सात बजे मतगणना जारी हैए मतगणना शुरू होते ही पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाते हुए नजर आ रही हैएइसके अलावा असम में पूर्ण बहुमत की सरकारएपुडुचेरी में भी सरकार बनाते हुए दिख रही है।

तीन राज्यों में जीत के साथ ही देश भर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पन्ना जिले में भी भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे पुष्पराज सिंह ने भी पवई

विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते हुए एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस दौरान उन्होंने कहा की यह ममता दीदी के कुशासनएमहिलाओं पर अत्याचारए गरीबों पर जुल्म जैसे विभिन्न दुष्कर्मों की करारी हार है। भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार बंगाल में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही हैं। यह बंगाल की जनता का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी को दिया हुआ आशीर्वाद है।

मझगांय एवं रुंज मध्यम सिंचाई परियोजना के प्रभावितों के मुद्दों के निराकरण के लिए समिति गठित

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पन्ना जिले में निर्माणाधीन मझगांय एवं रूंज मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के डूब से प्रभावितों से चर्चा कर विस्थापन, भू-अर्जन एवं परिसंपत्तियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है, जो उनके विभिन्न मुद्दों पर प्रभावितों से चर्चा करेगी और उनके हित में शासन को प्रतिवेदन देगी।

गठित समिति में अध्यक्ष संभाग आयुक्त सागर संभाग होंगे और प्रमुख अभियंता जल संसाधन भोपाल एवं मुख्य अभियंता धसान-केन कछार जल संसाधन सागर को सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पन्ना जिले में निर्माणाधीन मझगांय एवं रुंज मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्रामीणजनों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। ये दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगी। इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने पर पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड के 86 गांवों के 27510 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा। साथ ही पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए लगभग 39.56 मिलियन घन मीटर पानी प्राप्त होगा। इससे क्षेत्र के लगभग 45 हजार किसान परिवार लाभान्वित होंगे। यह समिति आगामी 5 दिनों में प्रभावितों से विस्थापन, भू-अर्जन एवं परिसंपत्तियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जांच कर एवं विस्थापितों से चर्चा उपरांत वस्तु स्थितिपरक प्रतिवेदन शासन को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि पन्ना जिले में इस परियोजना का कार्य निर्माण के अंतिम चरण में है। वर्तमान में इसके नाला क्लोजर का कार्य किया जा रहा है, जिसे वर्षा काल के पहले पूर्ण किया जाना है।

मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना

मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम मझगांय, बालूपुर, बनहरीकला, कुंवरपुर, हनुमतपुर, बरियारपुर भूमियान, डुंगरहो एवं सब्दुआ हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के 21 मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें 1657 खातेदारों को भुगतान योग्य कुल 1 अरब 91 करोड़ 86 लाख 80 हजार 929 रूपए की राशि स्वीकृत कर मुआवजा वितरित किया जा चुका है। मात्र विवादित खातेदारों की राशि वितरण हेतु शेष है। इस परियोजना के तहत पुनर्वास एवं पुनर्व्यस्थापन अंतर्गत प्रभावित ग्राम मझगांय, बालूपुर, बनहरीकला, कुंवरपुर एवं हनुमतपुर हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के विस्थापन हेतु अपर सचिव जल संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित 1 जुलाई 2018 कट ऑफदिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार कुल 1935 परिवारों का चयन कर पात्र 660 परिवारों को एकमुश्त पुनर्वास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से 33 करोड़ रूपए मात्र स्वीकृत कर पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना

रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम विश्रामगंज एवं भुजबई हैं। उक्त प्रभावित ग्रामों के मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें कुल 710 खातेदारों को भुगतान योग्य 44 करोड़ 23 लाख 58 हजार 951 रूपए मात्र की राशि स्वीकृत कर 43 करोड़ 86 लाख 63 हजार 205 रूपए राशि का वितरण किया जा चुका है, 36 लाख 95 हजार 746 रूपए मात्र का भुगतान शेष है। रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के तहत प्रभावित ग्राम विश्रामगंज है। प्रभावित ग्राम के विस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित 5 अक्टूबर 2018 कट ऑफदिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार 670 परिवारों का चयन कर पात्र 670 परिवारों को एकमुश्त पुर्नवास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से 33 करोड़ 50 लाख रूपए राशि की स्वीकृति उपरांत पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।